हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026

04 बनिया गुर्जर ने 1 कुंटल 2 किलो का नाल उठाकर...



07 2025 के मुकाबले 30 प्रतिशत घटी रंगपंचमी मेला की दान राशि





## समाचार संक्षेप

### पत्रकार संघ ने धूमधाम से मनाया रंग पंचमी का पर्व



**आरोन।** स्थानीय पत्रकार संघ द्वारा रविवार को रेस्ट हाउस विश्राम गृह में रंग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकार साथियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द्र का संदेश दिया। कार्यक्रम में पत्रकारों ने रंगों के इस उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाते हुए मिलन समारोह का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान खुशी और उमंग का माहौल बना।

### आवन में एनएसएस का सात दिवसीय आवासीय शिविर प्रारंभ



राघौगढ़ । नगर स्थित हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय आवासीय शिविर शासकीय प्राथमिक विद्यालय आवन में प्रारंभ हुआ। यह शिविर 9 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर की थीम "युवा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल भारत के लिए युवा" रखी गई है।प्रथम दिवस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया। इसके बाद माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रो. डॉ. फौजिया बानो ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. जे.एल. द्विवेदी ने युवाओं को डिजिटल तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने की सीख दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया



**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शअखिलेश जैन, कोषालय अधिकारी रश्मि तंतुवाय, इलेक्शन सुपरवाइजर विजय माथुर सहित अन्य अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर द्वारा सर्वप्रथम सीसीटीव्ही कैमरे का मॉनिटर एवं अग्निशमन यंत्रों को देखा। निरीक्षण में सभी कैमरे चालू पाए गए। उन्होंने तालों की सील, फायर सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। सभी नियत तिथि और नियमानुसार पाए गये।

### शासकीय शालाओं में निशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 13 से प्रारंभ होगी

**गुना ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं में वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिलाने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की समय-सारणी राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा जारी कर दी गई है। जिला परियोजना समन्वयक ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि आरटीई अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया 13 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक संचालित की जाएगी।

## भारत की जीत का जश्न, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे, चौराहों पर किया डांस

- दिन में मना रंगों का त्योहार और रात में मनी दिवाली पटाखे की गूंज और आतिशबाजी की रोशनी से जगमगाया शहर का आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





रविवार रात शहर में रंगपंचमी के मौके पर दीवाली वाला नजारा दिखाई दिया, आतिशबाजी हो रही थी, आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी हुई थी, लोग सड़कों और चौक-चौराहों पर भारत माता का जयघोष कर रहे थे। द मौका था टीम इंडिया की वर्ल्ड कप में जीत का, रविवार रात को टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को एक तरफा मुकाबले में रौंदते हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीत लिया।टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत पर लोग आतिशबाजी चलाकर जीत का जश्न मनाते दिखे। शहर के जयस्तंभ चौराहे पर सैंकड़ों लोग एकत्रित हुए भारत की जीत का जश्न मनाया, जीत का जश्न चौक-चौराहों से लेकर गली-मोहल्लों तक दिखा, जहां छोटे-छोटे बच्चे भी झूमते-नाचते नजर आए। इस जीत का हर किसी को बेसब्री से इंतजार था। जैसे ही न्यूजीलैंड का दसवां खिलाड़ी आउट हुआ, देश भर में जीत का जश्न शुरू हो गया। इस जीत का जश्न गुना में भी मना और लोग जमकर झूमते-नाचते हुए नजर आए।रविवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जहां खिताबी मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड की टीम आमने-सामने थीं। मैच शुरू होने से पहले अहमदाबाद के इसी स्टेडियम की 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल की कड़वी यादें लोगों के जहन में थीं, जब आस्ट्रेलिया नेकरोड़ों भारतीयों की ख्वाहिश को तार-तार करते हुए भारत को फाइनल में हरा दिया था, लोगों को डर था कि कहीं एक बार फिर फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया फिसल तो नहीं जाएगी।

### तिरंगा लहराया, सड़कों पर उतरे लोग

जैसे ही भारत की जीत सुनिश्चित हुई, गुना की सड़कों पर मानों रोशनी का सैलाब आ गया। हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हनुमान चौराहा, तेलघानी, जयस्तंभ चौराहा, हाटरोड और कैंट चौराहे पर जश्न का माहौल देखते ही बनता था। लोग एक-को गले लगाकर बधाई दे रहे थे। चौराहों पर लगे साउंड सिस्टम पर देशभक्ति के गानों पर जमकर डांस किया। देर रात तक शहर मुख्य बाजारों में तिरंगे के साथ वाहनों का काफिला निकलता रहा। फैंस ने कहा कि इस जीत के साथ ही भारत ने एक बार फिर टी-20 की दुनिया में अपनी बादशाहत कायम कर ली है। मैच शुरू होने से पहले ही लोगों ने कई स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर सार्वजनिक रूप से मैच का आनंद उठाया भारतीय बल्लेबाजों के प्रत्येक चौके छक्के पर राष्ट्रभक्ति नारे लगाते हुए भारत के जीत के लिए कामना की। जिस तरह के खेल का प्रदर्शन भारत की टीम ने किया उसे देखकर लग रहा था किइस बार टीम इंडिया हर हाल में जीत दर्ज करने मैदान में उतरी थी।

टॉस हारने के बाद जब पहले बल्लेबाजी करने उतरना पड़ा तो भारतीय बल्लेबाज पूरे रंग में दिखे और सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी 255 से ऊपर का टारगेट न्यूजीलैंड को दिया, जहां तक पहुंचना न्यूजीलैंड के लिए असंभव होगया। फिर जब दूसरे बालिंग की बारी आई तो टीम इंडिया ने एक के बाद एक के विकेट लेना शुरू किए और न्यूजीलैंड को पूरे 20 ओवर भी नहीं टिकने दिया और 96 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके इतिहास कायम कर दिया।

### भारी वाहनों की आवाजाही से कैंट क्षेत्र में हर रोज लग रहा जाम

## गुना-अशोकनगर रोड पर आरओबी निर्माण में बाधक अतिक्रमण पर चला बुलडोजर





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के कैंट क्षेत्र में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य को सुचारू रूप से शुरू संपन्न कराने के लिए नगरपालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है।

इसी क्रम में सोमवार को नगरपालिका की टीम ने गुना–अशोकनगर रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे फैले अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर उन्हें हटाया। लेकिन कैंट चौराहे से लेकर शनि मंदिर तक निर्माणाधीन सड़क के दौरान हर रोज इस क्षेत्र में जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है दोनों ओर से आने वाले भारी वाहनों के कारण यह परेशानी बढ़ गई है इसका प्रबंध जिम्मेदारों ने पहले से नहीं किया जिसका खामियाजा यहां के नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है ।इतना ही नहीं सड़क की हालत भी बेहद खस्ता हो गई है । जिसमें आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं की आशंका और ज्यादा बढ़ गई है ।खराब सड़क के कारण इसमें वाहन फंस रहे हैं जिससे और भी ज्यादा जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार सिंघवासा रेलवे लाइन के ऊपर आरओबी का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। निर्माण कार्य में बाधा बन रहे सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटाने के लिए नगरपालिका ने कार्रवाई की है। इस दौरान सड़क के किनारे मकानों के बाहर बनी बाउंड्री वॉल, चबूतरे और अन्य पक्के निर्माणों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ा गया।अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नगरपालिका सीएमओ मौके पर मौजूद रहीं और उन्होंने नगर पालिका के अमले के साथ मिलकर पूरे अभियान की निगरानी की। टीम ने एक-एक कर सड़क किनारे किए गए अवैध निर्माण को हटाते हुए मार्ग को साफ कराया, ताकि आगामी दिनों में आरओबी निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। बताया जा रहा है कि इससे पहले दो दिन पूर्व नगरपालिका द्वारा भुल्लनपुरा क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। उस कार्रवाई के बाद वहां सड़क पर आवागमन पहले की अपेक्षा काफी सुगम हो गया है और स्थानीय लोगों को राहत मिली है।हालांकि शहर में यातायात व्यवस्था अभी भी कई स्थानों पर चुनौती बनी हुई है। हनुमान चौराहे से कैंट क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। सड़क की हालत भी काफी खराब हो चुकी है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरओबी निर्माण के साथ-साथ इस मार्ग की मरम्मत और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी आवश्यकता है, ताकि शहरवासियों को जाम और खराब सड़क की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। वहीं प्रशासन का कहना है कि शहर में जहां-जहां अतिक्रमण यातायात या विकास कार्यों में बाधा बन रहे हैं, वहां चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई जारी रहेगी।

### सूने घर में ड्राइवर ने फांसी लगाई दो दिन बाद फंदे पर लटका मिला शव

**गुना।** शहर के कैंट थाना अंतर्गत मातापुरा क्षेत्र में एक 55 वर्षीय अधेड़ ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक का शव दो दिन तक कमरे में फंदे पर लटका रहा। घटना का खुलासा तब हुआ जब घर वाले शादी कार्यक्रम से लौटे तो उन्होंने फांसी पर लटके मिले। जिसके परिजनों ने अपने रिश्तेदारों एवं पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, मातापुरा निवासी अमरीश शर्मा (55) पुत्र स्वर्गीय वासुदेव शर्मा घर में अकेले रहते थे और पेशे से ड्राइवरी का काम करते थे। बताया जा रहा है कि उनके परिवार के सदस्य किसी रिश्तेदारी में सागर गए हुए थे, जिसके कारण घर पर वह अकेले ही थे। परिजनों से उनकी अंतिम बार बात परसों दोपहर में हुई थी, लेकिन कल जब उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई तो फोन नहीं उठा। आज सुबह परिवार वाले सागर से वापस लौटे। उन्होंने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद परिवार वाले गेट तोडक़र अंदर घुसे, तो अमरीश का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस और परिवार ने जब शव को देखा, तो उसकी स्थिति काफी खराब थी। शव में से बदबू आने लगी थी। वहीं शरीर में फफोले भी पड़े हुए थे। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच और शव की स्थिति को देखकर आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने दो दिन पहले ही आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## वार्ड क्र 7 में राजमाता माधवी राजे सिंधिया पार्क का भूमिपूजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना विधायक पन्नालाल शाक्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा वार्ड क्रमांक 7 में सांसद निधि से बनने वाले पार्क का औपचारिक भूमि पूजन किया। इस दौरान पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता,वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद महेश कुशवाह उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के विकास की सोच रखने वाले, केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा गुना के विकास के लिए नई-नई योजनाओं की सौगात देते हैं। इसी क्रम में सांसद निधि से वार्ड क्रमांक 7 में पार्क की बाउंड्री वाल का भूमि पूजन विधायक पन्नालाल शाक्य की उपस्थिति में किया गया। 10 लाख रुपये की लागत से पार्क की बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा उक्त पार्क के विकास के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे पार्क में मल्टी जिम,पावर ब्लॉक एवं सौंदरीकरण कराया जाएगा। औपचारिक भूमि पूजन के दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा पार्क के सामने हरिओम किराना को जोड़ने वाली सड़क निर्माण की मांग की गई, जिसे नगर पालिका अध्यक्ष स्वीकार करते हुए ,शीघ्र सड़क निर्माण का आश्वासन दिया तथा उपयंत्री नितिन चंदेल को आठ दिवस के अंदर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर टेंडर जारी करने के निर्देश दिए।



## सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश के खिलाफ हुंकार

### स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने गांव-गांव शुरू किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रदेश सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूलों के नाम पर हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति के विरोध में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति के सदस्यों ने गुना जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों और बस्तियों में जाकर स्कूल बचाने निकले हैं, आओ हमारे साथ चलो के नारे के साथ जनसंपर्क शुरू किया है। वर्तमान में जिले के बरखेड़ा हाट, बमोरी, फतेहगढ़, डोंगर, चांचौड़ा और गुना में सीएम राइज स्कूल बनाए गए हैं, जिसकी आड़ में आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्कूलों को बंद या मर्ज किया जा रहा है। समिति का तर्क है कि जहां पहले से ही सडक़ों और शौचालयों का अभाव है, वहां स्कूल बंद होने से गरीब बच्चों की शिक्षा पूरी तरह ठप हो जाएगी।आगामी सत्र 2026-27 से बमोरी तहसील के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी, हिरामन के टपरे, मॉडल हाई सेकेंडरी बमोरी, बागेरी, मसुरिया, खड़ेला, खेरादा, एकीकृत नोनेरा, खुटियारी, मढीखेड़ी, हिनोतिया, अकोदा एवं उत्कृष्ट विद्यालय सहित 15 स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। इसी तरह राघोगढ़ तहसील के डोंगर, बेलका, इकोदिया, विजयपुर, बालाभेंट, उदयपुरी, काकवासा और सकतपुर के स्कूल भी बंद होने की कगार पर हैं। समिति के साथियों के पहुंचने पर ग्रामीणों ने इस मुहिम को अपना समर्थन दिया है। बुद्धिजीवियों और अभिभावकों की मांग है कि एक भी स्कूल बंद न हो, बल्कि मौजूदा स्कूलों की व्यवस्था सुधारी जाए। इस नीति के विरोध में आगामी 11 मार्च को बमोरी, राघोगढ़ और आरोन तहसीलों में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।



### गहोई वैश्य समाज गुना का होली मिलन समारोह संपन्न

गुना। रंग पंचमी को गहोई भवन, गुना में उत्साह पूर्वक बड़े धूमधाम से मनाया गया । जिसमें सर्वप्रथम महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी को समाज के संरक्षक देवेंद्र नाथ नीखरा द्वारा शपथ दिलाई गई ।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सविता गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका गुना, मधु सेठ, रजनी गुप्ता एवं आशा गुप्ता द्वारा विचार व्यक्त किए गए । कार्यक्रम संयोजक मीरा नीखरा संरक्षक एवं श्रीमती सीमू वेहरे अध्यक्ष द्वारा कपल्स गेम का आयोजन किया गया, एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मनोरमा गुप्ता एवं रानी गुप्ता ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हें सम्मानित किया गया। कुमारी मान्या गुप्ता एवं विहान्श गुप्ता द्वारा आकर्षक नृत्य नाटिका पेश की गई । उपस्थित सदस्यों द्वारा फूलों की होली खेली गई । कार्यक्रम का सफल संचालन रजनी गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष बृजेश गुप्ता एवं सचिव संतोष गुप्ता द्वारा किया गया अंत में सह भोज का आयोजन किया ।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए

## महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कन्याल ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होगी, उन्हें ही खाद उपलब्ध हो सकेगी। इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

### पंचायतों में नवाचारों को जारी रखने पर जोर

कलेक्टर कन्याल ने जिले में जिज्जी की पंचायत में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि जनहित में किए जा रहे अच्छे कार्य निरंतर जारी रहने चाहिए। अधिकारी चाहे कोई भी रहे पर नवाचार और बेहतर व्यवस्थाएं बंद नहीं होनी चाहिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो जल परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं



उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। साथ ही सभी हैंडपंपों की जांच कराई जाए और जो हैंडपंप मरम्मत योग्य हैं उन्हें तत्काल सुधारने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि जिले में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

### गर्मी को देखते हुए फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर कन्याल ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए संभावित अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन में 90 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को 90 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन कार्य किया जाए, जिससे समय-सीमा में शिकायतों का संतोषजनक निराकरण हो सके।

### मकान नंबरिंग कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी

बैठक में जनगणना के अंतर्गत जिले में चल रहे मकान नंबरिंग कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एसडीएम नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से फील्ड का दौरा करें, अपने कार्यों के स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करने का प्रयास करें।

**समाचार संक्षेप**

### होली मिलन समारोह में सामाजिक समरसता का दिखा उत्साह, कार्यकर्ताओं का हुआ जमावड़ा



भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीना ने दी होली की शुभकामनाएं, वरिष्ठ नेता प्रवल प्रताप सिंह 'निक्की' ने किया स्वागत

**चाचौड़ा।** चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी, समर्पित कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे से आत्मीय भेंट कर गुलाल लगाते हुए होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार पर भाजपा के



वरिष्ठ नेता प्रवल प्रताप सिंह 'निक्की' सहित अन्य कार्यकर्ता अतिथियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते नजर आए। वहीं जिला उपाध्यक्ष मीना ने भी कार्यकर्ताओं से मिलकर गुलाल लगाते हुए उनका अभिनंदन किया। गेट पर ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।इस अवसर पर चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास की विभिन्न पंचायतों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। सभी ने मिलकर होली मिलन समारोह का आनंद लिया और आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।जिला उपाध्यक्ष मीना ने कहा कि होली मिलन समारोह जैसे आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का माध्यम होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ संवाद और आत्मीयता और अधिक सुदृढ़ होती है।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा सभी को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम देर रात तक उत्साहपूर्ण माहौल में चलता रहा और अंत में सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता की।

### जेसीआई पायनियर ने महिला दिवस पर किया ज़ुम्बा सेशन का आयोजन

**गुना।** जेसीआई गुना पायोनियर के उपाध्यक्ष अनुज कु. जैन द्वारा जानकारी दी गई की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जेसीआई पायनियर द्वारा होटल नवलोक में प्रातः 7 बजे ज़ुम्बा सेशन का आयोजन किया गया। इस सेशन का संचालन इंदौर की प्रसिद्ध दिव्यांशी सोनी ने किया, जिसमें लगभग 25 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संगीत की धुन पर ज़ुम्बा करते हुए महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर संस्था की पूर्व लेडी प्रेसिडेंट्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिनमें शलिनी जैन, दीपाली सिंघल, नमिता अग्रवाल, शोभा वैश्य, शिवानी अग्रवाल, रैना जैन, अंकिता अग्रवाल, टीनल जैन एवं यशा जैन शामिल रहीं।कार्यक्रम का सफल आयोजन जेसीआई लेडी प्रेसिडेंट प्रियंका अग्रवाल एवं सेक्रेटरी निक्की अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया।

## आरोन में प्रदेश स्तरीय नाल दंगल प्रतियोगिता सम्पन्न

# बनिया गुर्जर ने 1 कुंटल 2 किलो का नाल उठाकर जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोना

स्थानीय स्व. श्री राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय नाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और रोमांच के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए 70 किलो से लेकर 1 कुंटल 5 किलो तक के नाल उठाकर दमखम दिखाया।
प्रतियोगिता में अरसखेड़ा के बनिया गुर्जर ने 1 कुंटल 2 किलो का नाल उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और 5100 रुपये का पुरस्कार जीता। वहीं बाबू यादव (भोकसी) और सोनू





यादव ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2100 रुपये का पुरस्कार हासिल किया। जबकि राजेंद्र यादव (महुआखेड़ा) ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए 1100 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया।
प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।
आयोजक पार्षद मूलचंद शर्मा के तत्वाधान में पन्नालाल ग्वाल मित्र मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजीव रघुवंशी ने कमेंट्री कर प्रतियोगिता को रोचक बनाया, वहीं संचालन मनीष जैन कांसल द्वारा किया गया।
नाल दंगल प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## शहीद पार्क सिसोदिया कॉलोनी योग कक्षा में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

रंग पंचमी एवं होली मिलन समारोह भारत स्वाभिमान न्यास गुना के जिला प्रभारी डॉक्टर एमके विश्वास के नेतृत्व में शहीद पार्क सिसोदिया कॉलोनी योग कक्षा में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें न्यू सिटी योग कक्षा एवं शिवाजी पार्क योग कक्षा के योग साधकों को भी सम्मिलित कर धूमधाम से प्रतिवर्ष अनुसार योग प्राणायाम के बाद रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम किया गया। मिष्ठान वितरण के साथ समापन किया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाओं के साथ महिलाओं द्वारा होली गीत गाए गए। सभी योग साधक महिला पुरुष झूम झूम कर नाचे गए जिला संरक्षक जगदीश प्रसाद अग्रवाल, ओपी शर्मा, सह प्रभारी राजेश श्रीवास्तव , जिला संगठन मंत्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, तहसील प्रभारी धनीराम ग्वाल, सह प्रभारी विजय साहू, योग शिक्षक डॉ. मोनू रघुवंशी होतीराम गिरी सूरज सिंह चौहान महिला में अनामिका विश्वास मधु पाठक सुनीता रघुवंशी मुन्नी अग्रवाल विमला श्रीवास्तव आदि लगभग 50 महिला पुरुष बच्चे योग साधक उपस्थित रहे।



## सामाजिक उत्थान मंच के निशुल्क कोचिंग सेंटर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

सामाजिक उत्थान मंच द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सतीश राजपूत (महिला विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय गुना) एवं अध्यक्षता संस्था की संरक्षक सदस्य हेमा क्षत्रिय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। संस्था अध्यक्ष मोनू सिंह परिहार एवं टीम ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।इस अवसर पर संस्था सदस्य नव्या ठाकुर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश राजपूत ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी उनके सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रजिस्टर वितरित किए गए तथा निःशुल्क शिक्षा देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# कैसा ख्याल आकर ज़हन से लिपट गया, ये दिल बिचारा कितने खानों में बंट गया...!

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा रंगपंचमी की पूर्व संध्या पर सदर बाजार स्थित मुरलीधोकर मंदिर पर रामवीर शर्मा की अध्यक्षता संजय खरे के विशेष आतिथ्य तथा हरीश सोनी के मुख्य आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कवि गोष्ठी का संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया सरस्वती वंदना हरीश सोनी ने मधुर कण्ठ से सुनाई। संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा सारे मुल्क अपनी अपनी सरहदों में मौज करें, किसी को भी किसी के नाअधीन होना चाहिए। दुनिया भर में युद्ध का आतंक मिटाने के लिए, शांति की भी ताकतवर एक वैक्सीन होना चाहिए।। शायर संजय खरे सहज ने ख्याल पर अपने विचार यूं व्यक्त किए कैसा ख्याल आकर ज़हन से लिपट गया,ये दिल बिचारा कितने खानों में बंट गया।जब थी जिंदगी तो लगा महल भी छोटा,आई मौत जब तो दो गज में सिमट गया। गीतकार हरीश सोनी ने अपने भाव गीत के माध्यम से यूं प्रकट किये उड़ गई है चुनरिया फागुनी बयार में।भीग गई मन बगिया पावस रसधार में।। कवियत्री श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने नारी के संबंध में अपने भाव यूं व्यक्त किए मैं नारी हूं न हारी हूं न हारूंगी कभी डर कर जमाना कर ले जो चाहे सितम दे जख्म मेरे दिल पर। हजारों रुप हैं मेरे हजारों रंग मेरे हैं हजारों देवताओं की दुआएं संग मेरे हैं।रवि शर्मा बंजारा ने गीत के माध्यम से कहा उम्मीदों का यूं मर जाना अच्छा नहीं लगता, खाली हाथ शाम को घर जाना अच्छा नहीं लगता।उमाशंकर भार्गव ने आजकल चल रहे स्वरुचि भोज पर कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वरुचि भोज देखकर, यह हो गया सिद्ध।मरे पशु पर झिमट रहे कई गिद्ध।। सूबेदार धर्मवीर सिंह ने फूलों के संबंध में कहा देखी फूलों की सुंदरता, महका महका प्यार कहां है, ढूंढ ढूंढ कर देखा अब बचपन जैसा यार कहां है। रामवीर शर्मा ने गीत गाते हुए कहा कि बिन सजना के आंख का काजल फीका लगता है, फूल शूल से चुभते, पतझड़ नीका लगता है।अभिनंदन मडवरिया ने कहा कि



होली खेलन हम गये, लेकर के गुलाल, प्रेमिका के कर दिए,गुलाल से लाल गाल। काव्य गोष्ठी में समाज सेवी निरंजन भाया कसेरा, उमेश मंगल, मुस्कान रावत, ऐन्द्रिय रावत,आशी मंगल, राजेन्द्र नारायण, नारायण लाल मैयर,दयाल लोधा, गोपाल अग्रवाल, शिवम् श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, राजेन्द्र ओझा, देवीसिंह, रामलाल, हर्षाली सहित कई गणमान्य श्रोताओं ने उपस्थित रहकर कवि गोष्ठी का लुत्फ उठाया। गुना की उभरती कवि जिसका इंदौर में निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा है गुना के समाज सेवी बंधुओं ने मुक्त हस्त से दान देकर सहयोग प्रदान किया है अभी भी निजी चिकित्सालय के बिल भुगतान करना शेष है यदि राजनीति से जुड़े जनप्रतिनिधि चाहें तो विधायक निधि और सांसद निधि से राशि देकर सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आभार सभी कवियों एवं उपस्थित श्रोताओं के प्रति उमाशंकर भार्गव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रमेश मंगल,लोकेश शर्मा ने भी अपनी रचनाएं व्यक्त की। पूना से चेतना साहित्य के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र भार्गव ने मोबाइल के माध्यम से सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एडीआर. सेंटर में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ए.डी.आर. सेंटर, अशोकनगर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला अधिवक्तागण के साथ महिला सशक्तिकरण, न्याय तक समान पहुंच तथा विधिक जागरूकता के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिला अधिवक्ताओं ने समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा न्यायिक प्रणाली में उनकी भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त



किए। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारियों द्वारा महिला अधिवक्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने में उनकी सक्रिय भूमिका की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, न्याय तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करना तथा समाज में समानता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में अनेक महिला अधिवक्तागण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा क्वीन आन द व्हील गतिविधियों का आयोजन

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश पर्यटन अपनी नवाचार गतिविधियों के लिये समूचे देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। म.प्र. पर्यटन देश का पहला राज्य है जो विगत पाँच वर्षों से राज्य में स्काई डाइविंग जैसी गतिविधियाँ कर रहा है, जिसमें देश भर से लोग उज्जैन आकर इस रोमांचकारी गतिविधि का लाभ लेते हैं और अब तक लगभग 1000 लोग इस गतिविधि का लाभ ले चुके हैं। इसी प्रकार पर्यटकों को आकर्षित करने के क्रम में पुरुष बाइकिंग गतिविधि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एवं महिला बाइकिंग गतिविधि को प्रोत्साहित करने हेतु क्वीन आन द व्हील जैसी गतिविधियाँ कराई जाती रहीं हैं। इन सब प्रयासों से मध्य प्रदेश में बाइकिंग गतिविधियाँ अत्यन्त लोकप्रिय हुई हैं और रॉयल एनफील्ड जैसी मोटर बाइक कंपनियाँ मध्यप्रदेश में बाइकिंग इवेंट आयोजित करा रही हैं। क्वीन आन द व्हील के तृतीय संस्करण का शुभारंभ आज किया जा रहा है, इस संस्करण में प्रदेश के अतिरिक्त नागपुर, पूना, मुम्बई (महाराष्ट्र), चैन्नई (तामिलनाडु), कोलकाता (बंगाल), हैदाराबाद (तैलंगाना), हुबली (कर्नाटक) से भी बाइकर्स इसमें भाग ले रहीं हैं। बाइकिंग एक मेल डोमीनेटेड गतिविधि है, इसमें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी बदलते भारत की अलग ही तस्वीर प्रस्तुत करती है, इसके पूर्व दो संस्करणों में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। यह बाइकर्स मध्यप्रदेश की उन धरोहर स्थलों से होकर जायेंगी जो पर्यटकों के लिये हमेशा से आकर्षण का केन्द्र रहे हैं, इनमें सांची, उदयगिरि, चंदेरी, शिवपुरी, कूनो, ग्वालियर, मितावली, पड़ावली, दतिया, ओरछा, खजुराहो प्रमुख हैं।इस भ्रमण के दौरान यह बाइकर्स म.प्र.पर्यटन द्वारा स्थापित होमस्टे को भी प्रोत्साहित करेंगे और म.प्र. पर्यटन की अभिनव योजना महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल में प्रशिक्षित महिलाओं, बालिकाओं से भी जुड़कर उन्हें पर्यटन हेतु प्रोत्साहित करेंगी। मुख्यमंत्री के कर कमलों से इस आयोजन का फ्लेग-ऑफ होना ही इस कार्यक्रम की महत्ता को दर्शाता है, यह आयोजन निश्चित ही म.प्र.पर्यटन के प्रोत्साहन में मील का पत्थर साबित होगा।

## महाविद्यालय में विशेष काउंसलिंग व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक विशेष काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय अशोकनगर से आई हुई वैशाली माथुर (काउंसलर) राहुल पाराशर (मास्टर ट्रेनर) ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक कु. हिमांशी गंगवार ने



विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव से मुक्त रहने हेतु उपाय बताए। काउंसलर वैशाली माथुर मानसिक शांति बनाए रखने के तरीके तथा सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को टेलीमानस ऐप का उपयोग करने हेतु जागरूक किया। साथ ही विद्यार्थियों को छोटी-छोटी प्रेरणादायक कहानियाँ एवं तनावमुक्त करने वाले खेलों के माध्यम से भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में डॉ. हिमांशी गंगवार गंधर्व सिंह राजपूत नेहा जैन जितेन्द्र ओझा एवं जगमोहन साध तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# हाई स्कूल की 2264 और हायर सेकेंड्री की 9540 बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जारी है। अशोकनगर मूल्याकंन केन्द्र पर हाई स्कूल की 15306 और हायर सेकेण्ड्री स्कूल की 24300 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए पहंची हैं। हाई स्कूल में 16 परीक्षकों और हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 36 परीक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिाकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

जिला मूल्यांकन अधिकारी बीके बामौरिया ने बताया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की जो उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई हैं उनमें अंग्रेजी विषय की 14400, आईटी विषय की 360, हेल्थकेयर की 362, सिक्योरिटी की 82, रिटेल की 102 उत्तर पुस्तिकाएं आई हैं जिनका 10 परीक्षकों द्वारा मूल्याकंन किया जा रहा है। अभी तक अंग्रेजी संकाय की 135 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है। अभी तक कुल 2264 उत्तर पुस्तिकाओं



का मूल्यांकन किया जा चुका है। 13042 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना शेष है।

इसी प्रकार हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में कुल 24300 उत्तर पुस्तिकाएं आई हैं जिसमें अग्रेंजी विषय की 10800, इतिहास विषय की 1800, अर्थशास्त्र की 1800, भौतिक शास्त्र की 3600, रसायन शास्त्र की 3600, व्यवसाह अध्ययन की 1620, संस्कृत विषय की 1080 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु आई हैं जिनका 36 परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। अब तक 9540 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है, अब तक 14760 उत्तर पुस्तिकाएं शेष हैं। हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का प्रतिशत 39.26 है और हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में मूल्यांकन का प्रतिशत 14.79 रहा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अभी कम संख्या में परीक्षक आ रहे थें, एक तो होली का त्यौहार समाप्त होने के कारण और दूसरे माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं भी समाप्त होने के कारण अब परीक्षकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इस संबंध में मूल्यांकन अधिकारी द्वारा समस्त परीक्षकों को आवश्यक रूप से मूल्यांकन के कार्य में भाग लेने के लिए अवगत कराया गया है। एक परीक्षक के एक दिन कम से कम 45 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है।

### फार्मर रजिस्ट्री के तहत भूधारी कृषक को फार्मर आईडी से जोड़ने के सेचुरेशन का कार्य जारी

**अशोकनगर।** प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री के तहत भूधारी कृषकों हेतु फार्मर आई.डी. बनाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत भू धारियों की समस्त कृषि भूमियों को जोड़ा जा रहा है कृषि वर्ष में फार्मर रजिस्ट्री का सेचुरेशन किया जाना है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जिले की समस्त भूमियों को फार्मर आई.डी. से जोड़े जाने हेतु कृषक भाईयों से अपील है कि अपनी फार्मर आई.डी. अनिवार्य रूप से बनवायें जिससे कृषि एवं अन्य विभागों की विभिन्न परियोजनाओं जैसे उर्वरक लेने हेतु ई-टोकन प्रणाली, चना, गेहूं, मसूर का उपार्जन एवं सोयाबीन, सरसों का भावांतर, फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण के समय कृषकों को आसानी से लाभ प्राप्त हो। किसान आईडी बनवाना किसानों के लिए एक डिजिटल पहचान है, जो खेती से संबंधित सभी योजनाओं का सीधा लाभ पाने में सहायक है। इससे जमीन, फसल की जानकारी एक जगह होती है, जिससे सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता आती है। फार्मर आई.डी. बनवाने हेतु कृषक भाई साइट की लिंक से आवेदन कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग में संपर्क करें।

## 'ईमानदार और जरूरतमंदों की मदद करने से रोजा जन्नत का फरियादी हो जाता है'

**अशोकनगर।** पिपरई में माह रमजान का दूसरा असरा मगफिरत का भी समाप्त होने को हे ओर तीसरा ओर आखिरी असरा जहन्नुम की आग से छुटकारे का प्रारंभ होगा जो इक्कीसवे रोजे से आखिर तीसवें रोजे तक रहेगा। बीसवां रोजा नेकी का निजाम है। उपयुक्त आयात की रोशनी में रोजा बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। नेक अमल को मुराद हे ऐसा काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत सब्र वा सच्चाई की मिशाल हे।
जब रोजा रखने वाला शख्स या रोजेदार अल्लाह पर ईमान रखकर नेक अमल सच बोलना ईमानदारी की कमाई से ही रोटी खाना जरूरतमंदों की मदद करना, विधवाओं, अपनगों,अपाहिजों ,दृष्टिहीन की मदद करना भूले भटके को रास्ता दिखाना अमानत में खयानत नहीं करना। मां बाप बुजुर्गों की ताजीम सम्मान करना मगफिरत के असरे में रोजा उसके लिए जन्नत का



फरियादी हो जाता है।यह बात जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने बताया कि यह रोजा मगफिरत का पयाम ओर नेकी का निजाम है। अल्लाह तेरे बंदों ने तेरे लिए रोजा भी रखा है। अल्लाह कहेंगे बस फरिश्ते अब तुम रुक जाओ में खुद इसका ईनाम दूंगा।



### पंजाबी महिला समिति ने महिला दिवस के साथ रंगपंचमी का पर्व मनाया

**अशोकनगर।** होली और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी महिला समिति द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दोनों पर्वों को मिलकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूरे कार्यक्रम का माहौल रंगों, संगीत और खुशी से भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया गया, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी महिलाओं को टाइटल्स दिए गए जो सबको बहुत पसंद आए। इस अवसर पर एक बालिका द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में और भी रौनक भर दी। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने कहा, "होली रंगों और खुशियों का त्योहार है और महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमें एक-दूसरे के और करीब लाते हैं और समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत बनाने की प्रेरणा देते हैं। अंत में उपस्थित महिलाओं को उपहार भी वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### मृतक रेलवे ट्रेक के किनारे मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई उप स्टेशन प्रबंधक मनोज रावत ने पुलिस को सूचना दी थी कि गुन्हेरू बामौरी के बीच पोल क्रमांक 1019/2 से 4 के बीच रेलवे ट्रेक के पास एक युवक मृत अवस्था में रेलवे ट्रेक के किनारे मिला था। मृतक की मोटरसाईकिल असंतुलित होने से वह ट्रेक के किनारे गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। जिसकी पहचान प्रमोद पुत्र इमरत सेन उम्र 32 साल निवासी तारई के रूप में की गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम अमाही ताल निवासी 22 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान संदीप कुशवाह के रूप में की गई है। बताया गया है कि कुछ समय पहले मृतक के पिता ने भी आत्म हत्या कर ली थी। जैसे ही रात में मृतक की मां और बहन ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। बताया गया है कि संदीप परिवार में अकेला भाई था, चार बहनों में से 3 की शादी हो चुकी है वह अविवाहित था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### बस ने बाईक को टक्कर मारी, 1 की मौत दो घायल

**अशोकनगर।** ग्राम बीलाखेडी के समीप एक बस ने बाईक को टक्कर मार दी, इस घटना में बाईक सवार युवक की मौत हो गई और उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि बस ने बाईक को पीछे से टक्कर मारी, इस घटना में मसीदपुर सोनेरा निवासी संजीव रघुवंशी उम्र 40 साल की मौत हो गई। इस हादसे में बस का पहिया मृतक के ऊपर से निकल गया। शेष दो घायलों में 32 वर्षीय भूरा पुत्र रामवीर सिंह रघुवंशी, निवासी बमुरिया अथाईखेडा और 22 वर्षीय कल्ला शामिल है। यह तीनो बाईक से करीला धाम जा रहे थे उसी समय यह घटना घटित हुई।

### कार्यशाला का आयोजन 10 मार्च को

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर में 10 मार्च मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया गया है। मधुमक्खी पालन करने के इच्छुक एवं रुचि रखने वाले नौजवान एवं किसान भाई कार्यशाला में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए वैज्ञानिक डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर से संपर्क करें।

### प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में संस्था उपरिंग फाउंडेशन द्वारा आज सेक्टर क्र. 02 के अंतर्गत आने वाली पाँचों ग्राम गणेशखेड़ा, छपरा, गोविंदनगर, राजगढ़ और बलदेवपुर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव सहित समिति सदस्यों को परिषद् द्वारा निर्देशित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक द्वारका पाठक ने प्रशिक्षण की रूपरेखा रखते हुए इस प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व को बताया । यह प्रशिक्षण सुबह ग्यारह बजे सरस्वती पूजन से शुरु होकर 7 सत्रों सहित शाम पाँच बजे तक चला जिसमें अलग अलग सत्रों के अनुसार विकास समन्वयक, नवांकुर संस्था, मेंटर ने समितियों को आवश्यक सुझाव दिये और समस्या पर चर्चा करते हुए समस्या निवारण के विकल्प दिये तथा हर संभव परिषद द्वारा मदद किये जाने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह व उमाशंकर शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के बाद संस्था द्वारा परिषद और जन सहयोग से बनाई गई नर्सरी का शुभारंभ मत्स्य विभाग के अध्यक्ष सीताराम बाथम ने मनोज शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के साथ रिबिन काटकर किया जिसमें से अब जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ पर संस्था द्वारा इच्छानुसार पौधा निःशुल्क भेंट किया जाएगा।

---

### 20 लाख नगद आए, 40 हजार का चेक, चार देशों की करंसी भी मिली

# 2025 के मुकाबले 30 प्रतिशत घटी रंगपंचमी मेला की दान राशि






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तीन दिन तक चले रंग पंचमी करीला मेले में आई चढ़ोत्तरी की गिनती सोमवार को हुई है। गिनती करने में 80 पटवारी, इतने ही चैकीदार और नायब तहसीलदार रैंक के चार अधिकारी मौजूद रहे। सुबह दस बजे से शुरू हुई गिनती शाम 6 बजे तक पूरी हुई। गिनती में कुल 20 लाख 760 रुपए नगद सामने आए हैं, जो नारियल प्रसाद के रूप में चढ़ाए गए थे, उन्हें 2 लाख 1 हजार रूपए में नीलाम किया गया है। सके अलावा माता जानकी के नाम एक चेक 40 हजार रुपए का भी दान पेटियों से निकला है। इस बार दानदाताओं ने अमेरिका, भूटान, नेपाल, थाईलैंड की करंसी भी दान की है। एक दानदाता ने गुजरात स्थित जूनागढ़ का रियासत कालीन चांदी का सिक्का भी दान किया है।

#### बेटी की शादी, बेटे की नौकरी, प्रेमविवाह के लिए लिखी मनोकामनाएं



मां जानकी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने आने वाले श्रद्धालु न केवल मत्था टेक रहे हैं, बल्कि अपनी मनोकामनाओं को कागज पर लिखकर अर्जी के रूप में माता के चरणों में अर्पित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में मिले यह पत्र आम जनमानस की गहरी आस्था और उनके जीवन के संघर्षों की एक भावुक झलक पेश करते हैं। प्राप्त पत्रों में बड़ी संख्या उन युवाओं की है जो अपने विवाह या प्रेम संबंध की सफलता के लिए माता से गुहार लगा रहे हैं। एक पत्र में एक युवक ने लिखा है कि उसकी और रेणुका की शादी मार्च महीने के भीतर संपन्न हो जाए और दोनों परिवारों के सदस्य इस रिश्ते के लिए मान जाएं। वहीं, नरसिंहपुर जिले की माया ने अपने मंगल दोष को समाप्त करने और एक सरकारी नौकरी वाले वर की



कामना की है। कई पत्रों में युवाओं ने पुलिस, रेलवे, सेना और सी आई एस एफ जैसी सरकारी नौकरियों में चयन होने की प्रार्थना की है। एक श्रद्धालु ने लिखा, घर में पैसा नहीं टिकता, हमें ऐसी बुद्धि और नौकरी दें कि हमारे सारे काम बन जाएं। एक अन्य भावुक पत्र में एक व्यक्ति ने स्वयं के जज बनने और अपने भाई की नौकरी लगने की मन्नत मांगी है। एक व्यापारी ने अपनी अर्जी में लिखा कि उसका कपड़े का धंधा बिल्कुल नहीं चल रहा है, माता उसे फिर से खड़ा करने में मदद करें। इसके अलावा, कई भक्तों ने अपने माता-पिता के अच्छे स्वास्थ्य, परिवार की रक्षा और पुराने जमीनी विवादों खेत की मेढ़ का विवाद को सुलझाने के लिए माता से विनती की है।

#### मन्नत पूरी होने पर विशेष चढ़ावा की भी बात

भक्तों ने केवल अपनी मांगें ही नहीं रखी हैं, बल्कि मन्नत पूरी होने पर माता के दरबार में विशेष भेंट चढ़ाने का वचन भी दिया है। पत्रों में मन्नत पूरी होने पर 51 कन्याओं को भोज कराने। करीला के प्रसिद्ध राई नृत्य का आयोजन करवाने। मंदिर में घंटा दान करने और सवा लाख या 21000 रुपये की दान राशि भेंट करने जैसी प्रतिज्ञाएं की गई हैं।

#### 3 साल में सबसे कम चढ़ावा

करीला मंदिर पर रंगपंचमी मेला के दौरान आया यह चढ़ावा बीते तीन वर्षों में सबसे कम है। नारियल की नीलामी बोली भी अपेक्षा से कम रही। बताया गया है कि वर्ष 2022 में नगद 18.48 लाख, 2.50 लाख के नारियल, वर्ष 2023 में नगद 16.50 लाख, 1 लाख के नारियल, वर्ष 2024 में नगद 22.86 लाख और 1.50 लाख के नारियल, वर्ष 2025 में नगद 26.11 लाख और 3.01 लाख में नारियलों की नीलामी बोली हुई थी

---

## विदेशी पर्यटकों ने पैदल घूमकर देखीं चंदेरी की पुरानी गलियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यूके, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आए 13 सदस्यीय विदेशी पर्यटकों के एक दल ने चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया। पर्यटकों ने पैदल चलकर चंदेरी की प्राचीन गलियों, ऐतिहासिक स्मारकों और पुरानी इमारतों को नज़दीक से देखा तथा यहाँ के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के बारे में इंट्रेपिड के मदन सिंह और स्थानीय गाइड कल्ले भाई से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान पर्यटकों ने चंदेरी किले सहित कई ऐतिहासिक स्थलों और फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रसिद्ध स्थानों को भी देखा। उन्होंने चंदेरी की संकरी और प्राचीन गलियों में घूमते हुए यहाँ की पारंपरिक स्थापत्य शैली और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव किया। पर्यटक स्थानीय बाज़ारों में भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने पारंपरिक मिट्टी के बर्तन और रंग-बिरंगी चूड़ियाँ खरीदीं तथा स्थानीय कारीगरों के हुनर की सराहना की। इस दल में मिस लिसा, मिस कैरेन, मिस्टर रॉबर्ट, मिस मिशेल, मिस्टर रॉडनी, मिस मैंडी, मिस्टर मैथ्यू, मिस शैरेन, मिस्टर बैरी, मिस बेकी, मिस लिंडसे और मिस्टर एलन शामिल थे। पर्यटकों ने चंदेरी की प्राचीन गलियों, ऐतिहासिक वास्तुकला और शांत वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यह नगर अपनी समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परंपरा के कारण अत्यंत आकर्षक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या से चंदेरी की पर्यटन पहचान और मजबूत हो रही है, हालांकि शहर को और सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अभी और कार्य करने की आवश्यकता है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी गोलू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी विनोद रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि, अनिल, लक्ष्मीनारायण साहू ने उसके छोटे भाई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी अनिल बोहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र रघुवंशी और उसके पुत्र ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भटौली निवासी गजराम सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयेन्दर और श्रीराम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

## शाढ़ौरा में रामधुन के साथ 2010 से निकाली जा रही प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढौरा

स्थानीय हनुमान मंदिर बस स्टेड से 2010 से लगातार आज तक हर रोज सुबह चार बजे से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। राम धुन गाते हुए गाजे-बाजे के साथ प्रभात फेरी पूरे नगर का भ्रमण करते हुए सुबह के समय भगवान की आराधना करते हुए शुभ संदेश एव मन की शांति के लिए सुबह लोग प्रभात फेरी में शामिल होकर रोजाना अच्छे व शुभ दिन की शुरूआत करते है।

प्रभातफेरी की शुरूआत में लोग भगवान की भक्ति में लीन होकर मृदंग, ढोलक, मजीरा और ध्वनि विस्तारक यंत्र लेकर हाथों में ध्वजा लेकर भजन-कीर्तन करते हुए नगर का भ्रमण करते है। इनकी आवाज सुन कुछ और लोग भी प्रभातफेरी में शामिल हो जाते हैं, और भगवान का स्मरण कर अपने नियमित दिनचर्या में लग जाते है। प्रभात फेरी मे शामिल लोगो ने बताया है कि लगभग 15 साल पहले इसकी शुरूआत की गई थी। इसमें अब कई लोग शामिल हो चुके हैं। हर मौसम में सुबह उठकर भगवान का भजन- कीर्तन करते युवा प्रभात फेरी निकालते है और अपने शुम काम की शुरूआत करते है। प्रभात फेरी मे माघ की पूर्णिमा को झन्डा बिसर्जन एब भंडारा किया जाता है बही चेत पूर्णिमा हनुमान जंयती के दिन जुलूस व अंखड रामयण पाठ एव भंडारा किया जाता है। इस अवसर पर प्रभात फेरी में सदस्यों में रमेश कुमार कोरी, फूल सिह कुशवाह, राम भरोसा साहू, प्रवीण साहू, सीताराम ओझा, शिवराम रघुवंशी, आदि सदस्य शामिल है।



## नारी शक्ति- धैर्य-त्याग-ममता का अद्भुत स्वरूप है: वैशाली बांझल

**अशोकनगर।** विमर्श जागृति महिला मंच ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस होली मिलन का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया। अनेक कार्यक्रमों के साथ सर्वप्रथम आचार्य विमर्श सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया, तत्पश्चात संकल्प गीत गाया।

मंच की सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर रंगपंचमी की बधाई दी एवं गले मिली। मनोरंजक गेम खेले गए जिनमें प्रथम स्थान पूजा जैन दलाल को दूसरा स्थान ज्योति जैन एवं तीसरा स्थान स्मृति जैन भारत को प्राप्त हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। शाखा अध्यक्ष वैशाली बाँझल ने कहा कि नारी शक्ति- धैर्य- त्याग- ममता का अद्भुत स्वरूप है, वह जीवन को संस्कार देती है, परिवार को सम्मान देती है,समाज को नई दिशा देती है। आज विशेष दिन पर नारी को हृदय से नमन। स्मृति भारत ने अपने सम्बोधन में कहा कि माता-पत्नी-बहन-पुत्री के रूप में सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए। प्रीति मोहरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नहीं नारी को कोई पेंशन नही मिलती है, न वह रिटायर्ड होती है ,न ही उसे छुट्टी मिलती है, वह बिना पैसों के सभी का सम्मान आदर और सभी काम करती है। परिवार को अच्छे से संभालती है। सभी सदस्यों ने इस पावन दिन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रँगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभी को रंग लगाए होली गीत गाए नृत्य किया। इस मौके पर शाखा मंत्री पूजा देरखा, सदस्याएं मीना अथाई खेड़ा, सुनीता बाँझल, वन्दना, नेहा अथाई खेड़ा, प्रियंका, सरोज, ज्योति गुरूजी, वर्षा, प्रीति मोहरी, पूजा, स्मृति भारत सहित भारी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रही।

## अचल संपत्ति के बाजार मूल्य प्रस्ताव को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक



**अशोकनगर।** जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कांफ्रेंस कक्ष में अशोकनगर जिले की अचल संपत्ति के बाजार मूल्य प्रस्ताव वर्ष 2026-27 सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित सदस्य विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें। जिला पंजीयक शैलेन्द्र सिंह चैहान द्वारा बताया गया कि वर्ष 2026-27 की अशोकनगर जिले की कुल 1983 लोकेशनों में से उप जिला मूल्याँकन समिति अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़ एवं चंदेरी द्वारा कुल 842 लोकेशनों में वृद्धि के प्रस्ताव दिये गये। कुल वृद्धि की गई 842 लोकेशनों में से 332 लोकेशन उप जिला मूल्यॉकन समिति अशोकनगर, 246 लोकेशन उप जिला मूल्यॉकन समिति मुंगावली, 159 लोकेशन ईसागढ़, एवं 105 लोकेशनों में उप जिला मूल्याँकन समिति चंदेरी के द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किये गये। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 1983 लोकेशन है जिनमें से 842 लोकेशन में जिला मूल्यांकन समिति द्वारा वृद्धि प्रस्तावित की गई जो कुल लोकेशन का लगभग 42.46 प्रतिशत है। ईसागढ़ नईसराय व चंदेरी की ऐसी दरें जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का प्रस्ताव उप जिला मूल्यांकन समिति द्वारा किया गया था। समिति के सदस्य विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा आपत्ति व्यक्त की गयी। उक्त आपत्ति पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा विचार किया गया व आपत्ति मान्य करते हुये बढ़ी हुई दरों को 50 प्रतिशत नीचे का प्रस्ताव पारित किया गया। नईसराय बीसोर व मुस्यावदा को भी सामान्य गांव की तरह मूल्यांकन करने का प्रस्ताव पारित हुआ। गाईडलाईन प्रस्ताव पर आमजन 12 मार्च तक अपने सुझाव जिला पंजीयक कार्यालय अशोकनगर, उप पंजीयक कार्यालय अशोकनगर, उप पंजीयक कार्यालय मुंगावली, उप पंजीयक कार्यालय ईसागढ़ एवं उप पंजीयक कार्यालय चंदेरी में दे सकते हैं।

---

### करीला धाम से वापिस लौट रही भीड़ को लेकर, ट्रेनें भरकर चली, वाहनों का निकला काफिला

# करीला धाम रात में जगमगाता हुआ आया नजर, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





तीन दिवसीय करीला मेले का समापन हो गया है हालांकि सोमवार को मेले का आखिरी दिन था लेकिन मेले का मूल आयोजन रंगपंचमी को होता है। इस मेले के समापन के बाद मेले में आए यात्री वापिस लौटते हुए देख गए। सड़कों पर वाहनो का काफिला देखा गया तो रेलवे स्टेशन पर राजस्थान की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। अन्य स्थानों की ओर जाने वाले ट्रेनों में भी यह स्थिति देखी गई जिसमें बीना गुना ट्रेन भी शामिल है और राजगढ, गुना , उज्जैन की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी ऐसी ही भीड नजर आई।

जिले के प्रसिद्व करीला धाम मे आयोजित मेले मे लाखों की भीड़ पहुंचने के बाद इस भीड का वापिस पहुचना शुरू हो गया है। इस भीड के कारण अशोकनगर जिले की सडको पर वाहनो का काफिला नजर आया। वाहनो के उपर बैठकर लोग आते जाते देखे गए। उधर दूसरी ओर यहा से गुजरने वाली यात्री टेनो मे भी भारी भीड भाड रही। जिले के प्रसिद्व करीला धाम मे इस वर्ष पिछले मेलों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या मिली जुली रही। लगभग 20 लाख श्रद्धालु मेले में पहुंचे थे। मेले मे दिन मे ही इतनी भीड हो गई थी कि भीड को संभाल पाना मुश्किल हो रहा था। पूरी रात श्रृदालुओं का करीला पहुचना जारी रहा।

**रविवार और सोमवार की रात करीली मेला रोशनी से जगमगाता नजर आया** सोमवार की सुबह से ही श्रृदालुओ का वापिस लौटना भी शुरू हो गया। श्रृदालुओ को जो भी साधन मिले वह उन साधनो से वापिस लौटते देखे गए। जो श्रृदालु यहा से चलने वाली बसो से गए थे। वह उन बसो से वापिस लौटते देखे गए। जो श्रृदालु अपने साथ साधन जुटाकर पहुचे थे। वह श्रृदालु उन साधनो से वापिस लौटते देखे गए। यहा की सडको पर करीला धाम की ओर से आने वाले वाहनो का काफिला नजर आया । जो बाहर के वाहन थे वह वाहन अशोकनगर से जाते हुए देखे गए। शहर की खान पान की दुकानो पर बाहर की भीड अपनी पंसद की सामग्री का उपयोग करते देखी गई।

**रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ रही** अशोकनगर स्टेशन पर राजस्थान की ओर जाने वाले लोगो की भीड देखी गई। राजस्थान राज्य के कोटा और बारां जिले से यह श्रृदालु हर बार की तरह इस मेले मे शामिल होने पहुचे थे। अशोकनगर से कोटा की ओर जाने वाली बीना कोटा टेन



को लेकर स्टेशन पर लोगो की भीड नजर आई जैसे ही टेन अशोकनगर पहुचने को हुई जैसे ही टेन पहुची लोगो की भीड टेन पर टूट पडी। जिसको जहा जगह मिली वह उस डिब्बे मे बैठ गया। यही स्थिति उज्जैन की ओर जाने वाली साबरमति एक्सप्रेस की रही। इस दौरान रेल प्रशासन को यह ऐलान करना पडा कि साबरमती एक्सप्रेस मे यात्री सामान्य डिब्बो मे ही बैठे। लेकिन भीड कहा सुनने वाली थी। यहा भी यात्रियो ने वही किया जहा जगह मिली वही यात्री बैठ गए।

**नृत्यांगनाए श्रंगार करते हुए देखीं गईं** अशोकनगर स्टेशन पर राजस्थान की ओर से आई नृत्यांगनाए भी स्टेशन पर ही श्रृंगार करते हुए देखी गई। कुछ नृत्यांगनाओ को करीला मेले मे हुई आय के नोट गिनते हुए देखा गया। इस दौरान नृत्यांगनाओ ने कहा कि इस बार करीला का मेला उनके लिए आय का सबसे बडा साधन रहा। उन्होने कहा कि करीला मेले से उन्हे अच्छी आया हो जाती है। वह हर वर्ष मेले मे आती है। जैसा अशोकनगर मे भीड भाड का माहौल रहा वैसा ही पडौसी जिलो मे भी रहा। चाहे वह विदिशा जिले की बात हो सागर, ललितपुर,शिवपुरी और गुना की बात हो सभी मार्गो की तरफ वाहन जाते देखे गए। इस बार मेले मे रीवा ,पन्ना, सतना, छतरपुर, टीकमगढ,झॉसी ,भोपाल ,कोटा अलवर,व्याबर, इंदौर,सहित देश भर के विभिन्न राज्यो से लोगो को यहा जानकी माता के दरबार मे देखा गया। अभी श्रद्धालु लौट रहे हैं।

### साधारण सभा की बैठक में विद्युत कंपनी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जिला पंचायत अध्यक्ष सौंधिया ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जिले के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध खुलकर सामने आया है। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में इस मुद्दे सहित बिजली कंपनी द्वारा जिले के नागरिकों के साथ किए जा रहे छलावे को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जिला पंचायत सभागार में आहूत इस बैठक में जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की बगैर अनुमति के कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लोगों के घरों में लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के एक मंत्री के घर ही स्मार्ट मीटर का बिल दोगुना आने लगा है। स्मार्ट मीटरों के साथ ही ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से हो रही अवैध वसूली, अनावश्यक थोपे जा रहे बिजली बिलों को लेकर राजगढ़ विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री सहित कंपनी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, एडिशनल सीईओ सहित जिपं के लगभग सभी सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### एजेंडा अनुसार अन्य मामलों पर भी चर्चा की

बैठक में एजेंडा अनुसार कई महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के कार्यों की भी विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में मोहनपुरा-कुंडालिया एवं सुठालिया सहित जिले की अन्य सिंचाई योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

#### पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ

बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने असंतोष व्यक्त किया। विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्थाओं में आ रही समस्याओं के कारण जिला पंचायत सदस्यों द्वारा नाराजगी जताई गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दे भी उठाए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सोंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

### मांगों का निराकरण न होने पर उठाया कदम

# पैक्स समितियों से जुड़े कर्मचारियों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश सहकारित समिति महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने अनेकों बार दिए गए ज्ञापनों के बावजूद मांगों का निराकरण न होने पर सोमवार को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। इस संबंध में महासंघ के बैनर तले सीसीबी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में जब तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक वे कार्य करने में असमर्थ रहेंगे। महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि मप्र राज्य सहकारी बैंक के आदेशानुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में समिति प्रबंधकों के 60 फीसदी पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी जो कि अभी तक नहीं हो पाई है। समिति से जुड़े सभी सेल्समेनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाने का 01 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था लेकिन उस पर अभी तक कोई अमल नहीं किया गया है।

#### यह भी रखी मांग

पैक्स से जुड़े कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश शासन से मांग रखी है कि समिति कर्मचारियों को अनुदान राशि के रूप में 3 लाख रुपए का तत्काल भुगतान भी किया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे सामूहिक इस्तीफे एवं ज्ञापन के जरिए रखी गई।

## मंत्री टेटवाल के होली मिलन में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता



**ब्यावरा।** राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को उन्हीं के गृह नगर में सोमवार को जिले के विभिन्न जगहों से रंगपंचमी होली की शुभकामना देने पहुंचे। इस क्रम में ब्यावरा से नगर पालिका अध्यक्ष पवन कुशवाह अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सब प्रशिक्षण प्रभारी मध्य प्रदेश गोपाल जाटव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ओम छैइया, अरविंद शर्मा पार्षद रामबाबू प्रजापति अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी महेश बामनिया के एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर स्वागत किया।

## राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा कर बने दर्जनों मकान, नगर परिषद बेखबर

**कुरावर।** नगर परिषद क्षेत्र में राजस्व विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर दर्जनों मकानों के निर्माण का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद कुरावर क्षेत्र की राजस्व भूमि सर्वे नंबर 493, रकबा 0.379, मद शासकीय रास्ता पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर तीन मंजिला मकान तक खड़े कर लिए हैं। धीरे-धीरे यह कब्जा बढ़ता गया और अब वहां दर्जनों मकान बन चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण लंबे समय से जारी था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि इस शासकीय भूमि पर बने कई मकानों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिल चुका है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई करता तो राजस्व भूमि पर इस तरह का अवैध निर्माण नहीं हो पाता। अब स्थिति यह है कि सरकारी जमीन पर पूरी बस्ती नजर आ रही है।

#### जांच कराएंगे...

इसकी जांच करवा लेंगे और जो भी निमयानुसार कार्रवाई बनती है की जाएगी।

लीलाधर सेन, सीएमओ कुरावर नप

## महिला दिवस पर महाविद्यालय में हुआ सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर लेखन एवं सकारात्मक कहानी सत्र आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक छात्राओं ने आत्मरक्षा की तकनीकें सीखीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया ने कहा, ष्आत्मरक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अर्चना वर्मा ने कहा, आत्मरक्षा से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा जो उन्हें विपरीत परिस्थिति का सामना करने में हिम्मत प्रदान करेगा। तथा विष्णु लववंशी ने सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी और कहा, आत्मरक्षा का मतलब सिर्फ लड़ना नहीं है, बल्कि अपने आप को सुरक्षित रखना है। डॉक्टर भाविक वोरा ने छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया। इस दौरान कशिश चैधरी, कशिश अटनेरिया, कृतिका चूलीवाल, साधना शर्मा, राजेश्वरी चतुर्वेदी, रिया नगर, वंशिका शर्मा, शिवानी परमार, अरुण भिलाला ने सकारात्मक दृष्टिकोण पर पोस्टर निर्माण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉक्टर विमल लोदवाल, डॉक्टर वसीम शेख, डॉक्टर अरूणा सोलंकी, भगवान पाटीदार, धर्मेंद्र खेरवार, सोनम करोड़िया, सुश्री संगीता डोडवे, डॉ दीपिका जोशी आदि ने आत्मरक्षा सत्र में हिस्सा लिया।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा, पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार ने कहा कि महिला शक्ति सर्वोपरि है। महिला को शक्ति स्वरूपा माना जाता है हर महिलाओं को सामाजिक समानता और आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया, महिलाओं को संविधान द्वारा समानता का अधिकार तथा सरकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न आत्मरक्षा अभियान चलाएं जा रहे हैं जिससे महिला प्रशिक्षित होकर अपनी स्वयं की रक्षा कर सके। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ.कमल सिंह अहिरवार डॉ.वंदना चुटेल, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ.रश्मि सोनी, कनीज अंसारी मौजूद रहे। डॉ वंदना चुटेल, कनिज अंसारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार रखें इस मोके पर महिला स्टॉफ को पेन देकर सम्मानित किया गया।जिसमें डॉ महेश नरवरिया डॉ.मनोहर परमार, डॉ ओम गुप्ता, ललित शर्मा, दिनेश दांगी आदि, संचालन ललित कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एव छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में रचनापाठ, सुशील व्यास ने दी प्रस्तुति




**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में देवास में व्याख्यान एवं रचनापाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विकास दवे व राकेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जयशंकर शर्मा, प्रो. एसएन त्रिवेदी, शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव तथा पूर्व न्यायाधीश आरपी सोलंकी उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में प्रदेश के कवि-कवयित्रियों ने राष्ट्रकवि को श्रद्धांजलि देते हुए रचनापाठ किया। सारंगपुर के साहित्यकार सुशील व्यास 'सारंग' ने अपनी रचना "अखिल राष्ट्र का हृदय हमारा प्यारा मध्यप्रदेश है" का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। इसके अलावा सचिन सावन, हरिसिंह 'पतंग', प्रिया खुशबू, भेरूलाल सौराष्ट्रीय, मनीषा व्यास, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र सिंह राजपूत 'हमसफर' तथा सुरेश 'सन्नाटा' (नीमच) ने भी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में सभी साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकीय के विभाग मध्य प्रदेश शासन जिला राजगढ़ विकासखंड जीरापुर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्री महावीर चाठा कुण्डी बालाजी शिक्षण समिति माचलपुर द्वारा 9 मार्च को बाढ़ गांव रोड भोनाजी महाराज मंदिर परिसर में सेक्टर माचलपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर साथियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्राम मल्हारपुरा कुंडलिया झारणीय जामगांव नगर माचलपुर सुंदरपुर के सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थिति रही प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जीरापुरके ब्लॉक समन्वयक बीरम सिंह परमार एवं परामर्शदाता चंदरलाल वर्मा नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक दिनेश कुमार लववंशी की उपस्थिति में उपस्थित प्रतिभागियों को दस्तावेजी कारण जिसमें आवश्यक दस्तावेजी करण पर परामर्शदाता चंदरलाल वर्मा ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

ब्लॉक समन्वयक में बीरम सिंह परमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्य योजना अनुसार अपने-अपने ग्राम में आगामी माह के कार्य योजना तैयार कर जल संरक्षण जैविक कृषि सबके लिए स्वास्थ्य शिक्षा नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्य योजना बनाई गई एवं इस पर समाज आधारित कार्य करने पर प्रशिक्षण दिया।

### मेड़तवाल वैश्य समाज की मातृ-शक्तियों ने किया कार्यक्रम आयोजित

## प्राकृतिक रंगों से होली खेलकर मनाया फागोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर के मेड़तवाल वैश्य समाज की मातृ-शक्तियों द्वारा समाज की धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित कर फागोत्सव मनाया गया। इस दौरान रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माता फलौदी के भजन गाते हुए सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने प्राकृतिक रंगों से होली खेलते हुए पर्व की खुशियां एक-दूसरे से सांझा की। इस अवसर पर समाज के बच्चों, किशोरियों के लिए रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। रंगोली में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया ताकि समाज के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल सके। प्रतियोगिता उपरान्त सभी ने एक-दूसरे को रंग-पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सकल विश्व के कल्याण की कामना की। इसके साथ ही समाज के बच्चे आगे क्या अच्छा कर सकते हैं और महिलाएं इस हेतु क्या योगदान दे सकती हैं, इसके लिए रूपरेखा तैयार की गई।

## हर्ष उल्लास से मनाया रंगपंचमी का त्योहार, जमकर उड़ा रंग गुलाल

### कपड़ा फाड़ होली का युवाओं ने लिया आनंद, डीजे पर जमकर थिरके





**जीरापुर।** नगर परिषद के तत्वावधान में रंगपंचमी का त्योहार नगर में हर्षोल्लास एवं सौहार्द से मनाया गया। इस दौरान युवा वर्ग ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर कपड़ा फाड़ होली का खूब आनंद लिया। एक ओर रथ में विराजमान राधा कृष्ण की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी वहीं दूसरी ओर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड से पानी के फव्वारे युवा वर्ग को रंग गुलाल में रंग रहे थे। वहीं नगर की रंगपंचमी की होली अपनी अलग परंपरा को झलकाते हुए इन परंपराओं में से कहीं हटकर नगर की प्रसिद्ध गैर कपड़ा फाड़ होली का आंनद ही अलग नजर आता है। जहां बड़ी संख्या में त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चैक से युवा वर्ग एक साथ झूमते गाते मुख्य मार्ग पर होली खेलते निकलते हैं। जो एक दूसरे को रंग लगाकर रंग पंचमी के रंग में रंग कर पारस्परिक सौहार्द के रंग में रंगे जाते हैं। रामलीला चैक से सुबह गेर में युवकों की टोलियां डीजे की धुन और फाग गीतों पर खूब झूमे और थिरके। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलकर रंग पंचमी की बधाई दी।

बाजार में कपड़ा फाड़ होली के बाद बिजली के केबलों पर भारी संख्या में फटे कपड़े लटकते हुए दिखाई दिए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी आदित्य सोनी पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही। जुलूस में विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद कर्मचारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### एससी की गाइडलाइन अनुसार लाउडस्पीकर भी बंद कराने की मांग

# उर्स में अवैध वसूली सहित अन्य मसलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय पर आज से शुरू होने जा रहे 112वें सालाना उर्स में आए दुकानदारों से हो रही अवैध वसूली सहित ध्वनि प्रदूषण को लेकर हिंदू संगठन आगे आए हैं। कल शाम सकल हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए नागरिकों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मेले के पूर्व से ही आरंभ अवैध वसूली एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दरगाह क्षेत्र में हर वर्ष पारंपरिक रूप से उर्स मेले का आयोजन किया जाता है। पहले यह मेला लगभग तीन दिनों तक सीमित रहता था, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाकर 15 दिन तक कर दी गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में दुकानें लगती हैं और रात भर लाउडस्पीकर व डीजे के माध्यम से तेज आवाज में गाने बजाए जाते हैं जिससे नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मार्च माह में विद्यालयों और कॉलेजों की परीक्षाएं भी आयोजित होती हैं। ऐसे में देर रात तक तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित करते हैं। साथ ही यह ध्वनि प्रदूषण आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

#### सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन की अवहेलना

युवाओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद कई बार इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है। ऐसे में प्रशासन को इस बार विशेष निगरानी रखते हुए नियमों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए। इस दौरान अधिवक्ताओं का एक समूह भी प्रतिनिधिमंडल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। अधिवक्ताओं ने अलग से कोई ज्ञापन नहीं दिया, बल्कि सर्व हिंदू समाज द्वारा सौंपे गए इसी ज्ञापन के समर्थन में उपस्थित रहकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की प्रति कलेक्टर को सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

#### ये रहे मौजूद

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि उर्स मेले में लगने वाली दुकानों से अधिक राशि की वसूली की जाती है। इस पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक एवं वर्तमान भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष केपी पवार, विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, हिंदू चेतना मंच के अध्यक्ष, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ पदाधिकारी गजेंद्र सिंह गटू बना, कैलाश प्रजापति सहित वरिष्ठ एडवोकेट अविनाश दशहरिया, शैलेंद्र गुप्ता सहित सर्व हिंदू समाज के कई युवा मौजूद रहे। साथ ही कई अधिवक्ता भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।